दैनिक जागरण 27/11/2024

शेयर बाजार के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

जीएमएन कालेज में कार्यक्रम के दौरान शामिल विद्यार्थी व स्टाफ। ● सौजन्य विज्ञप्ति

जासं ● अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के वाणिज्य विभाग द्वारा शेयर बाजार परिचालन पर एक कार्यशाला सह व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त और संयोजक डा. अनुराधा श्योकंद के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में सीडीएसएल अंबाला कैंट से शिवांग अग्रवाल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की एवं छात्रों को शेयर बाजार की कार्यप्रणाली, ट्रेडिंग प्रक्रिया तथा निवेश की नीतियों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न कालेजों आए कुल 60 से भी अधिक छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रो. जसमिता हांडा ने किया एवं प्रो रितिका ने सभी तकनीकी पहलुओं का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया। कार्यक्रम के दौरान वाणिज्य विभाग की डा. पिंकी गुप्ता एवं डा. सुमन ने अहम भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम में छात्रों ने शेयर बाजार के व्यावहारिक पहलुओं को समझा एवं मुख्य वक्ता शिवांग अग्रवाल के साथ संवाद करके अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।